भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2551

07 अगस्त, 2024 के लिए प्रश्न

खाद्यान्न की खरीद

2551. श्री अरविंद धर्मापुरी:

श्रीमती हिमाद्री सिंह:

श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा:

श्री बसवराज बोम्मई:

श्रीमती स्मिता उदय वाघ:

श्रीमती अपराजिता सारंगी:

श्री शंकर लालवानी:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में 2014 से किसानों से खरीदे जाने वाले खाद्यान्न की मात्रा में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो फार्म गेट से खाद्यान्न खरीदने के मूल्य में हुई वृद्धि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) मसालों का अधिकतम उत्पादन और खरीद दर्ज करने वाले राज्यों का ब्यौरा और सूची क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क) और (ख): देश में वर्ष 2014-15 से वर्ष 2024-25 तक किसानों से खरीदे गए खाद्यान्नों की मात्रा **अनुबंध-I** में दी गई है।

भारत सरकार प्रत्येक खरीफ और रबी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में संशोधन करती है, जिसके आधार पर सरकार की खरीद एजेंसियों द्वारा खाद्यान्नों की खरीद की जाती है। खाद्यान्नों की एमएसपी को वर्ष 2014 से प्रत्येक वर्ष बढ़ाया गया है। वर्ष 2014-15 से 2024-25 तक गेहूं, चावल, मोटा अनाज और दलहन का एमएसपी **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ग): अधिकतम मसाला उत्पादन करने वाले शीर्ष दो राज्यों के नाम **अनुबंध-III** में दिए गए हैं।

*****

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 07.08.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2551 के उत्तर के भाग (क) और (ख) में उल्लिखित अनुबंध।

किसानों से खरीदे गए खाद्यान्नों की मात्रा

विपणन मौसम	एमएसपी पर खरीदी गई मात्रा (लाख टन में)				खरीदी गई मात्रा (लाख टन में)
	गेहूं	धान	मोटा अनाज	दलहन {मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के अंतर्गत}	दलहन {मूल्य स्थिरीकरण निधि (पीएसएफ) के अंतर्गत}
2014-15	281.31	478.12	4.65	-	-
2015-16	280.88	510.23	2.60	-	0.50
2016-17	229.61	568.22	0.72	3.34	12.75
2017-18	308.24	568.39	0.70	45.53	3.45
2018-19	357.95	660.11	2.19	19.45	-
2019-20	341.32	770.93	4.32	28.54	1.18
2020-21	389.92	895.66	12.08	8.17	0.65
2021-22	433.44	857.30	6.30	30.31	1.41
2022-23	187.92	846.45	7.37	28.31	0.16
2023-24	262.02	778.83*	12.10**	6.87*	1.24
2024-25	266.05	----	----	----	0.18*

* दिनांक 29.07.2024 की स्थिति के अनुसार

**दिनांक 01.08.2024 की स्थिति के अनुसार

अनुबंध-II

लोक सभा में दिनांक 07.08.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2551 के उत्तर के भाग (क) और (ख) में उल्लिखित अनुबंध।

गेहूं, धान, मोटा अनाज और दलहन का फसल वर्ष-वार एमएसपी

(रुपये प्रति क्विंटल)

क्र. सं.	जिंस	किस्म	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
	खरीफ फसलें												
1	धान	सामान्य	1360	1410	1470	1550	1750	1815	1868	1940	2040	2183	2300
		ग्रेड 'ए'	1400	1450	1510	1590	1770	1835	1888	1960	2060	2203	2320
2	ज्वार	हाइब्रिड	1530	1570	1625	1700	2430	2550	2620	2738	2970	3180	3371
		मालदंडी	1550	1590	1650	1725	2450	2570	2640	2758	2990	3225	3421
3	बाजरा		1250	1275	1330	1425	1950	2000	2150	2250	2350	2500	2625
4	रागी		1550	1650	1725	1900	2897	3150	3295	3377	3578	3846	4290
5	मक्का		1310	1325	1365	1425	1700	1760	1850	1870	1962	2090	2225
6	तूर (अरहर)		4350	4625^	5050^^	5450^	5675	5800	6000	6300	6600	7000	7550
7	मूंग		4600	4850^	5225^^	5575^	6975	7050	7196	7275	7755	8558	8682
8	उड़द		4350	4625^	5000^^	5400^	5600	5700	6000	6300	6600	6950	7400
	रबी फसलें												
9	गेहूं		1450	1525	1625	1735	1840	1925	1975	2015	2125	2275	
10	जौ		1150	1225	1325	1410	1440	1525	1600	1635	1735	1850	
11	चना		3175	3500**	4000^	4400@	4620	4875	5100	5230	5335	5440	
12	मसूर (दाल)		3075	3400**	3950@	4250*	4475	4800	5100	5500	6000	6425	

* 100 रुपये प्रति क्विंटल बोनस सहित।

** 75 रुपये प्रति क्विंटल बोनस सहित।

^ 200 रुपये प्रति क्विंटल बोनस सहित।

^^ 425 रुपये प्रति क्विंटल बोनस सहित।

@ 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस सहित।

अनुबंध-III

लोक सभा में दिनांक 07.08.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2551 के उत्तर के भाग (ग) में उल्लिखित अनुबंध।

अधिकतम मसाला उत्पादन करने वाले शीर्ष दो राज्यों के नाम

क्र. सं.	मसाले	अधिकतम मसाला उत्पादन करने वाले शीर्ष दो राज्य
1	काली मिर्च	कर्नाटक, केरल
2	अदरक	मध्य प्रदेश, कर्नाटक
3	लाल मिर्च	आंध्र प्रदेश, तेलंगाना
4	हल्दी	महाराष्ट्र, तेलंगाना
5	लहसुन	मध्य प्रदेश, राजस्थान
6	इलायची	केरल, सिक्किम
7	धनिया	मध्य प्रदेश, गुजरात
8	जीरा	गुजरात, राजस्थान
9	सौंफ	गुजरात, राजस्थान
10	मेथी	मध्य प्रदेश, राजस्थान
11	अजवायन	गुजरात, मध्य प्रदेश
12	डिल	गुजरात, राजस्थान
13	सेलरी	पंजाब
14	दालचीनी	केरल, कर्नाटक
15	तेजपत्ता	पश्चिम बंगाल, मेघालय
16	जायफल	केरल, तमिलनाडु
17	लौंग	तमिलनाडु, केरल
18	इमली	तमिलनाडु, कर्नाटक
19	वेनिला	केरल, कर्नाटक
20	पुदीना (मेंथा)	उत्तर प्रदेश
21	केसर	जम्मू एवं कश्मीर
22	करी पत्ता	तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश

—